


## एक नजर में

### रमेशचंद्र गुप्ता का निधन



**जीरापुर 21 नवंबर, सं.** मेडतवाल समाज के सदस्य रमेशचंद्र गुप्ता गागोरनी वाले का हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया. वह संजय गुप्ता लेब वाले के पिताजी थे. डॉ. मनोहर गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, रामबाबू गुप्ता के भाई थे. गुरुवार को उनकी शवयात्रा उनके गृह निवास बृजवासी मोहल्ला से स्थानीय मुक्तिधाम ले जाई गई, जहां पर दिवंगत आत्मा के प्रति शोक-संवेदना प्रकट की गई. वह साधारण व्यक्तित्व के धनि थे. उनकी शवयात्रा में समाज सहित अन्य समाज बंधु मिलने जुलने वाले बड़ी संख्या में शामिल हुए.

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा 72वाँ अभा सप्ताह आयोजित

**राजगढ़ 21 नवम्बर, का.** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ द्वारा आयोजित 72वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन गुरूवार को बैंक की राजगढ़ शाखा में किया गया. समापन कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपायुक्त सहकारिता के अधिकारी पीएस बारोटिया, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीके चौहान, शाखा प्रबंधक अमर सिंह यादव, शाखा पर्यवेक्षक मोहन शर्मा एवं सुरेश वर्मा, कृषक सदस्य तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में सहकारिता की भूमिका, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास तथा किसानों के हितों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई. वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहकारी संस्थाओं की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सहकारिता को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सहकारी सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन किया गया.

### जिला पंचायत की साधारण सभा बैठक 25 नवम्बर को

**राजगढ़ 21 नवम्बर, का.** जिला पंचायत राजगढ़ की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया की अध्यक्षता में 25 नवम्बर को दोपहर 01 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है. बैठक में एमपीईबी (विद्युत मण्डल), किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, जल संसाधन विभाग मोहनपुरा, कुण्डालिया एवं सुठालिया सिंचाई परियोजना, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, स्कूल एवं शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी.

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 25 नवंबर को

**राजगढ़ 21 नवम्बर, का.** जिला पंचायत राजगढ़ की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया की अध्यक्षता में 25 नवम्बर को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है. बैठक में जिला पंचायत के आय व्यय एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी.

# जनवरी 26 में खिलचीपुर तक दौड़ेगी रेलगाड़ी

## पशि्चम मध्य रेल्वे की जीएम शोभना बंधोपाध्याय ने डिविजन के सांसदों के साथ हुई बैठक में दिए संकेत

**22** किमी की लाइन पूरी होने में लगेगा जुलाई तक का समय

राजगढ़ हेडगेवाल कॉलोनी ब्लास्टिंग का मामला पहुंचा बोर्ड के पास, जुलाई तक पूरा होगा काम

ब्यावरा से भोपाल का काम मार्च तक पूर्ण होने के संकेत

जीएम ने ब्यावरा से राजगढ़ के बीच ट्रैक भी जनवरी तक पूरा करने की डेटलाइन तय की

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 नवंबर, का. दो दशक से जिस आवाज को सुनने के लिए जिलेवासी इंतजार कर रहे थे वो बमुश्किल दो महीने बाद पूरा होने वाला है. एक समय में काफी विलम्ब से चलने रामगंजमण्डी-भोपाल रेल परियोजना अब स्पीड पकड़ रही है और टाईम कवर करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचने वाली है. बीते दिनों घाटोली से खिलचीपुर तक का ट्रैक तैयार हो चुका था, उस पर ट्रायल पर हुआ था, लेकिन ट्रैन के नियमित चलने पर संशय था. अब पश्चिम मध्य रेल्वे ने हरी झण्डी दिखाते हुए जितना ट्रैक तैयार है उस पर ट्रैन चलाने क सहमति दे दी है. यानी खिलचीपुर तक आगामी जनवरी 2026 में नियमित रूप से ट्रैन का संचालन होने जा रहा है.**

उपरोक्त आशय के संकेत गत दिवस 20 जनवरी को पश्चिम मध्य रेल्वे की जीएम शोभना बंधोपाध्याय ने मण्डल अंतर्गत आने वाली लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों के साथ बैठक में दिए. मांग उठाए जाने पर उन्होंने इस परियोजना के राजगढ़ जिले के हिस्से में आ रही अड़चनों पर बात करते हुए आगामी जुलाई-26 तक ट्रैक को पूर्ण करने के संकेत भी दिए है.

### ट्रायल के ठीक एक साल बाद पहुंचेगी ट्रैन




### जनवरी 2026 से खिलचीपुर तक आएगी ट्रेन

मीटिंग में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि करीब 22 किमी का ट्रैक पूर्ण हो चुका है और इसमें 8 किमी के ट्रैक पर कुछ निर्माण और जनसमस्याओं संबंधी दिक्कतें है. ऐसे में खिलचीपुर तक ट्रायल हो चुका है अत: इस स्टेशन तक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है. ट्रेन जो वर्तमान में घाटौली तक आ रही है संभवत: उसी को आगे बढ़ाया जा सकता है. यह भी हो सकता है कि पहले एक मेमो ट्रेन खिलचीपुर तक चलाई जाए. हालांकि यह निर्णय आगामी दिनों की मीटिंग में तकनीकि पक्षों और प्रारंभिक ट्रैफिक की संभावनाओं को देखते हुए किया जाएगा.

### हेडगेवार कॉलोनी का मामला पहुंचा रेल्वे बोर्ड के पास

इधर राजगढ़ नगर में स्थित हेडगेवार कॉलोनी का मामला रेल्वे बोर्ड और पश्चिम मध्य रेलवे तक पहुंचा है. ब्लास्टिंग के कारण नागरिकों को दिक्कतें आ रही थी. घरों में नुकसान हो रहा था. भूकंपन के कारण लोग दशहत में थे. ऐसे में तकनीकि रूप से की जा रही ब्लास्टिंग बिना किसी सूचना के हो रही थी. मामले में शिकायत पहुंचने पर सांसद रोड़मल नागर ने रेल्वे बोर्ड को पत्र लिखा और रेल्वे बोर्ड ने इस काम को जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है. इसमें ब्लास्टिंग के तरीके और ब्लास्टिंग करने के समय में बदलाव किया जा सकता है. साथ ही काम को इस तरीके से करने के निर्देश दिए हैं जिससे नागरिकों को परेशानी ना हो.

### भोपाल से ब्यावरा के बीच मार्च तक काम पूरा होने की उम्मीद

इधर भोपाल से ब्यावरा के बीच का ट्रैक जो कि भोपाल डिविजन द्वारा किया जा रहा है उसे भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है. बैठक में दिए गए संकेतों के मुताबिक आगामी मार्च के अंत तक इस ट्रैक को पूर्ण करने के निर्देश है. यानी पटरियों का काम मार्च तक पूर्ण हो जाएगा. शेष तकनीकि काम वर्ष 2026 में ही पूर्ण होंगे.

### 2026 में ही पूरे ट्रैक पर ट्रेन दौड़े ऐसी कोशिश



पश्चिम मध्य रेल्वे की जीएम के साथ मथुरा, राजगढ़, मंदसौर, चित्तौड़गढ़, उज्जैन, भीलवाड़ा, बारां-झालावाड़ के सासंदों की मीटिंग हुई है. हमारे यहां से भी प्रतिनिधि उसमें शामिल हुए है और काफी उम्मीदें हमारे क्षेत्र को लेकर जगी है. भविष्य हमारे अंचल में रेल्वे सुविधाओं को लेकर उन्नत होने वाला है इसमें कोई संदेह नहीं है. पश्चिम मध्य रेल्वे काफी एडवांस होकर निए नवाचार कर रहा है. हमारे अंचल की रामगंजमण्डी भोपाल लाईन वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण संचालित हो जाए ऐसी हमारी पूरी कोशिश जारी है और सतत इसके लिए हम काम कर रहे है. प्रारंभिक रूप से खिलचीपुर तक जनवरी 26 में ही ट्रैन दौड़ेगी. यह श्रीगणेश होने के साथ ही इसी वर्ष हम चाहते हैं कि शेष भाग में भी ट्रैन का संचालन हो जाए. जिससे की वर्ष 2027 के अंत तक अन्य ट्रैने और सुविधा हम लाएं. इसके बाद क्योंकि सिंहस्थ भी आ रहा है ऐसे में हम समय रहते सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दे रहे है.

**रोड़मल नागर, सांसद लोस क्षेत्र राजगढ़**



### वाहन की टक्कर से बाइक सवार का प्राणांत

**नवभारत न्यूज, माचलपुर 21 नवम्बर, सं.** माचलपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को धनोदा गांव की पुलिया के यहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक का प्राणांत हो गया. जानकारी के अनुसार ब्राह्मण गांव निवासी राजेश दांगी उम्र 25 वर्ष किसी काम से बाहर गये थे जो दोपहर में बाइक से घर लौट रहे थे कि धनोदा पुलिया पर यह हादसा हुआ. हादसे में युवक को पैर, सिर में गंभीर चोट आई. सड़क किनारे युवक को लहूलुहान देख ग्रामीण ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी. घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया. ग्रामीण ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी. पुलिस द्वारा फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है. ग्रामीणों के अनुसार युवक राजेश अपने परिवार का एकमात्र सहारा था. युवक के पिता का पूर्व में निधन हो गया है. दोनों बहनों की शादी हो चुकी है, अब घर में केवल उनकी मां अकेली है.




## पहले दिन दस कार्यालयों के 150 कर्मचारी पहुंचे हेलमेट पहनकर

### अभियान में कई जगह लापरवाही भी सामने आई

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 नवंबर, का. पुलिस के कप्तान अमित तोलानी के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बंजारे के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए हेलमेट नहीं तो- सफर नहीं मुहिम के साथ यातायात जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है. जिसके अंतर्गत जिले के सभी शासकीय कर्मचारियों को हेलमेट पहनना सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य होगा.**

जिसके तहत यातायात पुलिस के द्वारा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में हेलमेट चेकिंग पॉइंट लगाया जाएगा, ऐसे कर्मचारी जो हेलमेट नहीं लगा करके आ रहे हैं उनको चिन्हित कर उनके विरुद्ध संबंधित विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु लेख किया जाएगा. उक्त अभियान की शुरुआत आज राजगढ़ जिले के उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या शाला ब्यावरा, थाना सिटी ब्यावरा, एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजगढ़ में कर्मचारियों की हेलमेट चेकिंग कर की गई. चेकिंग के दौरान चारों कार्यालय के लगभग 150 कर्मचारी हेलमेट पहन कर कार्यालय पहुंचे. उक्त अभियान लगातार जारी रहेगा. इसी क्रम में कल 22 नवंबर को जिला राजगढ़ एवं ब्यावरा के 10 कार्यालयों को चेकिंग हेतु चिन्हित किया गया है जहां पाईंट लगाकर चेकिंग की जाएगी.

**कार्यालय आते समय हेलमेट लगाना अनिवार्य-** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा बताया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल व प्रभारी कलेक्टर श्यामबीर एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत जिले के समस्त लोक सेवकों को निर्देशित किया गया है कि वे 02 पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाना सुनिश्चित करे एवं महाविद्यालय आने वाले विद्यार्थियों को हेलमेट लगाने हेतु सुचित करेंगे. हेलमेट न लगाने पर चालानी कार्यवाही या अनुशासनात्मक कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी.

### आपसी विवाद में बंद हुआ मध्यान्ह भोजन

**राजगढ़ 21 नवम्बर, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले द्वारा राजगढ़ विकासखंड के ग्राम गबा का पुरा एवं तोतीपुरा के स्कूल एवं मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया गया. ग्राम गबा का पुरा में आपसी विवाद के कारण मध्यान्ह भोजन सुचारू रूप सें संचालित नहीं मिला. जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा बीआरसी को मध्यान्ह भोजन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए. साथ ही तोतीपुरा ग्राम में बच्चों से चर्चा कर मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली एवं स्कूल की व्यवस्था सुधारने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए.

## बाल विवाह कराने पर 2 साल की सजा और जुर्माना

### बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत ग्रामीणों के साथ लगाई गई चौपाल

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 21 नवम्बर, का.** बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत खिलचीपुर के ग्राम नाटाराम और ग्राम रनारा में अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस को ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई गई. जिसमे ग्रामीणों ने बढ़चढ़ के भाग लिया. इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को बाल विवाह के सामाजिक एवं कानूनी दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है. वन स्टॉप सेंटर प्रशासक एवं अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती रश्मि चौहान द्वारा बताया गया जहाँ अधिक संख्या में बाल विवाह संपन्न होते है वहा समुदाय को बाल विवाह रोकथाम संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई. बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है, जो उनके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है. विशेषकर लड़कियों के लिए यह हिंसा, शोषण और यौन शोषण के जोखिम को बढ़ा देता है. विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री कैलाश सोनी द्वारा बताया की महिलाएं देवी का स्वरूप होती हैं चाह हो तों हर बुराई को खत्म कर सकती है इसलिए आप अपने बीच प्रचलित बाल विवाह, बाल सगाई जैसी बुराई को भी समाप्त कर सकते है. बाल विवाह करने वाले या कराने वाले को 2 वर्ष तक की जेल और एक लाख तक का जुर्माना हो सकता है. यदि कहीं बाल विवाह होने की आशंका हो, तो उसकी सूचना किस प्रकार और किन माध्यमों से दी जा सकती है. उन्होंने हेल्पलाइन एवं उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी दी. वन स्टॉप सेंटर प्रशासक एवं अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती चौहान द्वारा ग्रामीण जनों को बाल विवाह मुक्त करने कि शपथ दिलायी गई.




## पांच दिन बाद होने लगे बिजली बिल जमा

### सर्वर डाउन होने से आ रही थी परेशानी




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 नवम्बर, का. स्थानीय शहीद कॉलोनी स्थित विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में बीते पांच दिनों से तकनीकि कारणों के चलते उपभोक्ताओं के बिजली बिल जमा नहीं हो पा रहे थे जिसके कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. आखिरकार शुक्रवार को बिल जमा होना शुरु हुआ.**

सर्वर डाउन होने, नेटवर्क कार्य एवं पोर्टल अपडेट किए जाने आदि अन्य तकनीकि कारणों के चलते स्थानीय शहीद कॉलोनी स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में बिल जमा नहीं हो रहे थे.

विद्युत वितरण कंपनी प्रबंधन का कहना था कि नेटवर्क कार्य, समाधान योजना के तहत पोर्टल व अन्य तकनीकि कार्य किए जाने के कारण बिल जमा नहीं हो पा रहे थे, अब शुक्रवार से पूर्व की तरह बिल जमा होना शुरु हो गये.



## कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूट ना पाए

### राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने बीएलए बैठक की

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 21 नवम्बर, सं. मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा सुठालिया में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बीएलए-2 के साथ चर्चा कर समीक्षा की. महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. राज्यमंत्री श्री पंवार ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बीएलओ-2 के साथ विस्तार के साथ चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना को लेकर मार्गदर्शन दिया.**

श्री पंवार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना अत्यंत आवश्यक है. इसी उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गये. उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें, ताकि विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची सटीक, अद्यतन और व्यापक रूप से तैयार हो सके. बैठक में विधानसभा संयोजक नारायण सिंह सालरियाखेडी, मानसिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, पदाधिकारी, बूथ प्रभारी तथा बीएलए-2 उपस्थित रहे. इन दिनों एसआईआर के तहत जिले भर में बीएलए और बीएलओ मतदाता सूची के पुनरीक्षण में लगे हुए है. व्यापक स्तर पर सर्वे का काम जारी है. जिले में कलेक्टर द्वारा जहां लापरवाहों पर बीते दिनों कार्यवाह की जा चुकी हैं वहीं कई जगह उत्कृष्ट कार्य करने वाले भी सम्मानित किए जा रहे है. राजनीतिक दलों द्वारा द्वारा बीएलए के साथ बैठकें की जा रही है.

**प्रगति** नरसिंहग़ढ़ विस क्षेत्र के 3 बीएलओ को सम्मानित किया, तलेन के गेहूंखेड़ी के बीएलओ को सम्मानित किया

## एसआईआर : तलेन क्षेत्र के बीएलओ ने किया शतप्रतिशत काम

नवभारत न्यूज

**तलेन 21 नवंबर, सं.** विधानसभा क्षेत्र 160 नरसिंहगढ़ अंतर्गत 279 मतदान केन्द्रों पर नियुक्त बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता को घर-घर जाकर आयोग द्वारा प्रदाय गणना प्रपत्र का वितरण किया गया तथा गणना प्रपत्र की पूर्ति उपरांत उनका बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाईन किए जाने के कार्य के दौरान विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मतदान केन्द्र कमांक 23- गेहूखेडी के बीएलओ हरिनारायण रूहेला, मतदान केन्द्र क्रमांक 22 शासकीय प्राथमिक शाला भवन उत्तरी भाग मूंडलारेती के बीएलओ छोटेलाल सूर्यवंशी एवं मतदान केन्द्र कमांक 225 शासकीय प्राथमिक शाला भवन बिरगढी के बीएलओ नरेन्द्र पाटीदार द्वारा शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया. साथ ही जिनका विधानसभा के 279 बीएलओ में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान रहा. अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुशील कुमार तथा तहसीलदार विराट अवस्थी द्वारा हरिनारायण रूहेला, छोटेलाल सूर्यवंशी एवं नरेन्द्र पाटीदार एवं उनका सहयोग किए जाने के लिए सुश्री ज्योति पाटीदार सर्किल तलेन सुनील सिंह राजपूत बिरगढी, गोपाल मीणा बिरगढी एवं श्री रामप्रकाशसिंह परमार बीएलओ सुपरवाईजर का साफा, शाल, श्रीफल, पुष्पहार आदि से अभिनन्दन किया.



### 633 फॉर्म पर समय से पहले काम किया

तलेन 21 नवंबर, सं. ग्राम पंचायत गेहूं खेड़ी के अंतर्गत मुंडला रेती क्रमांक 22 गेहूंखेड़ी क्रमांक 23 पंचायत के बीएलओ हरिनारायण रुहेला शिक्षक ने इस पंचायत में 100 प्रतिशत कार्य किया टोटल फॉर्म 633 थे जिसमें से 605 जीवित फॉर्म भरा है 7 की मृत्यु. तीन अब्सेंट तथा 17 बाहर चले गए हैं इस प्रकार से शतप्रतिशत फॉर्म भरकर रिपोर्ट भेजी इसमें सहयोगी रहे कुमारी ज्योति पाटीदार पटवारी, शिक्षक मनमोहन विश्वकर्मा, सरपंच प्रतिनिधि जुझारू, वीरेंद्र सिंह भाटी, सचिव चंद्रसिंह रुहेला, रोजगार सहायक सतनारायण गुर्जर, पंचायत स्तर पर शिक्षक हरिनारायण रूबेला का स्वागत किया गया. उसके पश्चात एसडीएम नरसिंहगढ़ सुशील ने श्री रुहेला का स्वागत किया.